MITHILA DUGDH UTPADAK SAHKARI SANGH LTD.

# मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0

COMFED

AN ISO 9001 : 2000

सं0:मदुस:विप0: 4929 दिनांक– 31.12.2024

**निविदा सूचना सं0–08/2024**

राज्य सरकार के सात निश्चय पार्ट–02 योजना के अन्तर्गत सुधा होल–डे–मिल्क पार्लरों के आवंटन हेतु निविदा आमंत्रण

मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, समस्तीपुर के क्षेत्राधीन समस्तीपुर, दरभंगा एवं मधुबनी जिला मे राज्य सरकार के सात निश्चय पार्ट–02 योजना के अन्तर्गत सुधा उत्पादों के विपणन मे वृद्धि के साथ–साथ बिहार राज्य के व्यक्तियों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं अन्य विभागों के द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रमुख स्थानों पर सुधा होल–डे–मिल्क पार्लर का निर्माण कराया गया है अथवा कराया जाना है, को मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, समस्तीपुर द्वारा आवंटित किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति जो बिहार राज्य के स्थाई निवासी हों एवं पात्रता पूरी करते हों(वेबसाइट पर जगह की सूची एवं न्युनतम निर्धारित मासिक किराया उपलब्ध है) से पार्लर आवंटन हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता, निविदा प्रपत्र, निविदा के नियम एवं शर्ते हमारी वेबसाइट www.mithiladairy.com & www.sudha.coop से डाउनलोड कर सकते हैं। आवंटन के उपरान्त भी यदि होल–डे–मिल्क पार्लर का निर्माण किन्ही कारणों से सम्भव नही हो पाता है, तो ऐसी दशा मे आवेदक को निर्गत आवंटन आदेश रद्द करते हुए उनके द्वारा जमा की गई अग्रधन की राशि वापस कर दी जायेगी।

| क्र0 | जिला का नाम | प्रखण्ड एवं अन्य विभाग से सम्बन्धित स्थल का नाम |
|---|---|---|
| 01 | समस्तीपुर | (1) कल्याणपुर (2) वारिसनगर (3) रोसड़ा (4) मोरवा (5) विद्यापतिनगर (6) हसनपुर (7) उजियारपुर (8) सिंघिया (9) निबन्धन कार्यालय किशनपुर (10) रेफरल अस्पताल ताजपुर (11) अनुमंडलीय अस्पताल पूसा (12) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उजियारपुर (13) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दलसिंहसराय (14) राजकीय पोलिटेकनिक टभका, समस्तीपुर (15) रेफरल अस्पताल खानपुर |
| 02 | दरभंगा | (1) बहादुरपुर (2) जाले (3) हायाघाट (4) सिंघवारा (5) बेनीपुर (6) घनश्यामपुर (7) बहेड़ी (8) बिरौल (9) कुशेश्वरस्थान (10) कुशेश्वरस्थान पूर्वी (11) दरभंगा सदर (12) अलीनगर (13) गौड़ा भौराम (14) किरतपुर (15) तारडीह (16) हनुमाननगर (17) केवटी |
| 03 | मधुबनी | (1) जयनगर (2) पंडौल (3) रहिका (4) बिस्फी (5) बेनीपट्टी (6) बासोपट्टी (7) मधेपुर (8) बाबूबरही (9) खुटौना (10) झंझारपुर (11) घोघरडीहा (12) हरलाखी (13) लदनियाँ (14) मधवापुर (15) लौकही (16) अंधराठाढ़ी (17)लखनौर (18)फुलपरास (19) कलुआही (20) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जयनगर (21) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बासोपट्टी (22) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बाबूबरही (23) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुटौना (24) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र झंझारपुर (25) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घोघरडीहा (26) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लौकही (27) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अंधराठाढ़ी (28) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लखनौर (29) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कलुआही (30) सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र लदनियाँ (31) अनुमंडलीय अस्पताल फुलपरास |

1. निविदादाता बेवसाइट से निविदा प्रपत्र, निविदा के नियम एवं शर्ते दिनांक–02/01/2025 से 17/01/2025 तक डाउनलोड कर सकते हैं।
2. निविदादाता विहित प्रपत्र मे दिनांक–27/01/2025 तक डाक/कुरियर/हाथो–हाथ निविदा जमा कर सकते है।

अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये कोई भी निविदा या सभी निविदा रद्द करने/संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

30/12/24

प्रबन्ध निदेशक

प्रति0: महाप्रबन्धक,
काम्फेड, पटना– सादर सूचनार्थ।
: प्रबन्ध निदेशक–प्रकोष्ट
मदुस, समस्तीपुर

Samastipur Dairy, Industrial Area, P.O. Harpur Alowth, Distt- Samastipur–848101, Phone-06274-222172, Fax. 223680
समस्तीपुर डेयरी, औद्योगिक क्षेत्र, पो0– हरपुर एलौथ, जिला– समस्तीपुर–848101, फोन– 06274–222172,
ई–मेल/e-mail: Mithila.idis@gmail.com • Regd 21 Hqr. Date 14-09-87, रजि0– 21 Hqr. 14-09-87

मिथिला दुग्घ उत्पादक सहकारी संघ लि0, समस्तीपुर के क्षेत्राधीन समस्तीपुर, दरभंगा एवं मधुबनी जिला मे राज्य सरकार के सात निश्चय पार्ट–02 योजना के अन्तर्गत सुधा होल–डे–मिल्क पार्लर आवंटन हेतु स्थल, जिला का नाम, पंजीकरण शुल्क, अग्रधन राशि एवं न्युनतम निर्धारित मासिक किराया का विवरण जहाँ के लिए आवेदन आमंत्रित है–

| क्र0 | स्थल का नाम | जिला का नाम | पंजीकरण शुल्क (गैर वापसी योग्य) रू0 | अग्रधन की राशि (रूपये) | न्युनतम मासिक किराया (रूपये) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | प्रखण्ड परिसर, कल्याणपुर | समस्तीपुर | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 02 | प्रखण्ड परिसर, वारिसनगर | समस्तीपुर | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 03 | प्रखण्ड परिसर, रोसड़ा | समस्तीपुर | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 04 | प्रखण्ड परिसर, मोरवा | समस्तीपुर | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 05 | प्रखण्ड परिसर, विद्यापतिनगर | समस्तीपुर | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 06 | प्रखण्ड परिसर, हसनपुर | समस्तीपुर | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 07 | प्रखण्ड परिसर, उजियारपुर | समस्तीपुर | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 08 | प्रखण्ड परिसर, सिंघिया | समस्तीपुर | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 09 | राजकीय पोलिटेकनिक, टभका समस्तीपुर | समस्तीपुर | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 10 | निबन्धन कार्यालय, किशनपुर | समस्तीपुर | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 11 | रेफरल अस्पताल, ताजपुर | समस्तीपुर | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 12 | रेफरल अस्पताल, खानपुर | समस्तीपुर | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 13 | अनुमंडलीय अस्पताल, पूसा | समस्तीपुर | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 14 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, दलसिंहसराय | समस्तीपुर | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 15 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उजियारपुर | समस्तीपुर | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 16 | प्रखण्ड परिसर, बहादुरपुर | दरभंगा | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 17 | प्रखण्ड परिसर, जाले | दरभंगा | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 18 | प्रखण्ड परिसर, हायाघाट | दरभंगा | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 19 | प्रखण्ड परिसर, सिंघवारा | दरभंगा | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 20 | प्रखण्ड परिसर, बेनीपुर | दरभंगा | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 21 | प्रखण्ड परिसर, घनश्यामपुर | दरभंगा | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 22 | प्रखण्ड परिसर, बहेड़ी | दरभंगा | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 23 | प्रखण्ड परिसर, बिरौल | दरभंगा | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 24 | प्रखण्ड परिसर, कुशेश्वर स्थान | दरभंगा | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 25 | प्रखण्ड परिसर, कुशेश्वर स्थान पूर्वी | दरभंगा | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 26 | प्रखण्ड परिसर, दरभंगा सदर | दरभंगा | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 27 | प्रखण्ड परिसर, अलीनगर | दरभंगा | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 28 | प्रखण्ड परिसर, गौड़ा भौराम | दरभंगा | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 29 | प्रखण्ड परिसर, किरतपुर | दरभंगा | 1000/– | 10000/– | 750/– |

Contt..

| क्र0 | स्थल का नाम | जिला का नाम | पंजीकरण शुल्क (गैर वापसी योग्य) रूपये | अग्रधन की राशि (रूपये) | न्युनतम मासिक किराया (रूपये) |
|---|---|---|---|---|---|
| 30 | प्रखण्ड परिसर, तारडीह | दरभंगा | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 31 | प्रखण्ड परिसर, हनुमाननगर | दरभंगा | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 32 | प्रखण्ड परिसर, केवटी | दरभंगा | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 33 | प्रखण्ड परिसर, जयनगर | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 34 | प्रखण्ड परिसर, पंडौल | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 35 | प्रखण्ड परिसर, रहिका | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 36 | प्रखण्ड परिसर, बिस्फी | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 37 | प्रखण्ड परिसर, बेनीपट्टी | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 38 | प्रखण्ड परिसर, बासोपट्टी | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 39 | प्रखण्ड परिसर, मधेपुर | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 40 | प्रखण्ड परिसर, बाबूबरही | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 41 | प्रखण्ड परिसर, खुटौना | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 42 | प्रखण्ड परिसर, झंझारपुर | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 43 | प्रखण्ड परिसर, घोघरडीहा | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 44 | प्रखण्ड परिसर, हरलाखी | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 45 | प्रखण्ड परिसर, लदनियाँ | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 46 | प्रखण्ड परिसर, मधवापुर | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 47 | प्रखण्ड परिसर, लौकही | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 48 | प्रखण्ड परिसर, अंधराठाढ़ी | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 49 | प्रखण्ड परिसर, लखनौर | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 50 | प्रखण्ड परिसर, फुलपरास | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 51 | प्रखण्ड परिसर, कलुआही | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 52 | अनुमंडलीय अस्पताल, फुलपरास | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 53 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जयनगर | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 54 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बासोपट्टी | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 55 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बाबूबरही | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 56 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खुटौना | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 57 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, झंझारपुर | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 58 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, घोघरडीहा | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 59 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, लौकही | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 60 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अंधराठाढ़ी | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 61 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, लखनौर | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 62 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कलुआही | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |
| 63 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, लदनियाँ | मधुबनी | 1000/– | 10000/– | 750/– |

Contt..

## 1.0. चयन प्रक्रिया एवं निविदा आमंत्रण

1.1. सुधा होल–डे मिल्क पार्लर के आंवटन हेतु खुली निविदा की सूचना हमारी वेबसाईट www.mithiladairy.com/www.sudha.coop पर उपलब्ध होगा एवं सूचना का प्रकाशन प्रमुख समाचार पत्र के माध्यम से किया जायेगा।

1.2. सुधा होल–डे मिल्क पार्लर के आंवटन हेतु आवेदन पत्र ऑफलाईन द्वारा निविदा दो बीड प्रणाली (तकनीकि निविदा एवं वित्तीय निविदा) माध्यम से किया जायेगा। तकनीकि निविदा में सफल उम्मीदवार का ही वित्तीय निविदा खोला जायेगा। जिसमे बूथ संचालन हेतु अधिकतम दर समर्पित करने वाले को वर्णित प्रक्रिया के अन्तर्गत बूथ संचालन कार्य आवंटित किया जायेगा। आवेदन भरने की सम्बन्धित जानकारी दिशा–निर्देश एवं नियम व शर्ते इस निविदा मे तथा हमारी वेबसाईट www.mithiladairy.com/www.sudha.coop पर भी दी गयी है। आवेदक से अनुरोध है कि निविदा प्रपत्र भरने के पूर्व इसमे निहित सभी नियम व शर्ते ध्यान पूर्वक पढ़ लें।

1.3. आवेदक तकनीकी निविदा (खण्ड–I) के फार्म को भर कर उसमे मांगी गई जानकारी का ब्यौरा एवं सम्बन्धित सभी प्रमाण पत्रो को संलग्न करेंगे। तकनीकी निविदा को एक पृथक लिफाफा (लिफाफा–1) मे सील बन्द करेगें। लिफाफा एक के उपर "तकनीकी निविदा" अवश्य लिखें। वित्तीय निविदा (खण्ड–II) को भी एक पृथक लिफाफा (लिफाफा–2) मे आवेदक अपनी वित्तीय दर समर्पित कर उसे सील बन्द स्थिति में समर्पित करेंगे। लिफाफा–2 के उपर "वित्तीय निविदा" अवश्य लिखें। उपरोक्त वर्णित लिफाफा (लिफाफा–1 एवं लिफाफा–2) को एक अन्य लिफाफा (लिफाफा–3) मे डाल कर उसे सील बन्द करेंगे।

आवेदक अपने तीनों लिफाफे पर "राज्य सरकार के सात निश्चय पार्ट–2 के अन्तर्गत जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराये गये स्थलों पर सुधा होल–डे मिल्क पालर्र के आवंटन हेतु आवेदन एवं आवेदित स्थल का नाम के साथ–साथ आवेदक अपना नाम, पता व मोबाईल संख्या अवश्य लिखेंगे।

1.4. निर्धारित तिथि व समय के उपरान्त प्राप्त हुए निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

1.5. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदनों की जाँच संघ/इकाई के नामित समिति द्वारा की जायेगी।

1.6. चयनित उम्मीदवार को निविदा प्रक्रिया में दिए गए दस्तावेजों को सत्यापन हेतु मूल दस्तावेज संध के नामित पदाधिकारी या समिति को दिखाना होगा।

1.7. .आवेदनों की जाँच के उपरान्त एक से अधिक पात्र उम्मीदवारों के द्वारा समर्पित की गयी अधिकतम दर सामान पायी जाती है तो ऐसी स्थिति में समान रूप से अधिकतम दर समर्पित करने वाले पात्र उम्मीदवारों के बीच के लौटरी प्रक्रिया के माध्यम से सुधा होल–डे मिल्क पार्लर का आवंटन होगा।

1.8. दस्तावेज के सत्यापन के उपरान्त चयनित उम्मीदवार को अनुबन्ध की आगे की प्रक्रिया, सुरक्षा राशि जमा करना और अन्य आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण करने की प्रक्रिया संघ द्वारा किया जायेगा।

लगातार...........

1.9. यदि किसी आवेदक के दस्तावेजों के सत्यापन के उपरान्त अथवा तकनीकि कारणों से आवेदक की पात्रता रद्द हो जाती है तब और शेष बचे सभी पात्र आवेदकों मे से ही अधिकतम दर समर्पित करने वाले को चयनित किया जायेगा। चयन के उपरान्त यदि चयनित आवेदक के द्वारा कार्य करने से मना कर दिया जाता है तो ऐसी स्थिति में दूसरा सबसे अधिक दर समर्पित करने वाले निविदादाता को प्रथमतया सबसे अधिक समर्पित करने वाले दर पर ही काम करने की सहमति ली जाएगी। सहमति प्रदान होने के उपरान्त ही उन्हें आवंटन हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

यदि दूसरा निविदादाता भी प्रथमतया सबसे अधिक समर्पित किए गये दर पर कार्य करने से मना कर दिया जाता है तो ऐसी स्थिति मे तीसरे सबसे अधिक दर समर्पित करने वाले निविदादाता को प्रथमतया सबसे अधिक दर पर ही कार्य करने हेतु सहमति प्राप्त की जायेगी। सहमति प्रदान होने के उपरान्त ही उन्हें आवंटन हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

सबसे अधिक दर समर्पित करने वाले सफल निविदादाता द्वारा कार्य करने से मना करने की स्थिति मे उनके द्वारा जमा की गयी अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।

1.10. चयनित सफल उम्मीदवार/निविदादाता को औपबन्धिक Letter of Award (LOA) निर्गत किया जायेगा। औपबन्धिक Letter of Award (LOA) के निर्गत की तिथि से एक माह के अन्दर FSSAI License प्राप्त कर उसकी स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अभिलेख हेतु संघ में जमा करना होगा।

1.11. आवंटी को रू0 100000.00 (एक लाख रूपये) की सुरक्षा राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट (मूल प्रति) के रूप में संघ के कार्यालय मे जमा करना होगा।

उपरोक्त सभी दस्तावेजो के जमा होने के पश्चात् औपबन्धिक Letter of Award (LOA) कार्यादेश के रूप में परिवर्तित हो जायेगा।

1.12. यदि कोई चयनित उम्मीदवार को औपबन्धिक Letter of Award (LOA) कार्यादेश निर्गत किया जाता है एवं औपबन्धिक Letter of Award (LOA) कार्यादेश निर्गत होने के उपरान्त उनके द्वारा कार्य करने से मना कर दिया जाता है तो ऐसी स्थिति मे उनके द्वारा जमा की गयी अग्रधन की राशि रू0 10000.00 (दस हजार रूपय) जब्त कर ली जाएगी।

1.13. संघ द्वारा अनुबंध के तहत् अंतिम रूप से चयनित आवेदकों को प्रथम बार में तीन वर्ष हेतु सुधा होल–डे मिल्क पार्लर का संचालन हेतु कार्य आवंटन किया जायेगा। जिसे सफलतापूर्वक सचांलन एवं बिक्री आंकड़ो के आधार पर आवंटन प्रत्येक तीन वर्ष की अवधि हेतु विस्तारित किया जा सकता है।

1.14. आवंटन आदेश जारी होने एवं समझौते के निष्पादन के उपरान्त भी यदि पात्रता मापदण्ड के सम्बन्ध में प्रस्तुत दावों/कागजातों के विपरीत कोई विसंगतियॉ पाई जाती है तो इस स्थिति में आवंटन को रद्द करते हुए सुरक्षा राशि को जब्त कर ली जायेगी।

लगातार.........

Samastipur Dairy, Industrial Area, P.O. Harpur Alowth, Distt- Samastipur–848101, Phone-06274-222172, Fax. 223680
समस्तीपुर डेयरी, औद्योगिक क्षेत्र, पो0– हरपुर एलौथ, जिला– समस्तीपुर–848101, फोन– 06274–222172,
ई–मेल/e-mail: Mithila.idis@gmail.com • Regd 21 Hqr. Date 14-09-87, रजि0– 21 Hqr. 14-09-87

## 2.0. पात्रता मापदण्ड

2.1 शैक्षणिक योग्यताः– न्यूनतम साक्षर (प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्नित करें)।

2.2 आवेदक को बिहार राज्य का स्थायी निवासी होना आवश्यक है। (आवेदक सरकार द्वारा निर्गत कोई भी प्रमाण पत्र जिसमे आवेदक का बिहार राज्य का स्थायी निवासी होने का प्रमाण हो, की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्नित करें)।

2.3 उम्रः– निविदा जमा करने की अंतिम तिथि तक उम्र न्यूनतम–21 वर्ष।

2.4 आधार कार्ड संख्या :– ........................................................................................................

(पहचान के प्रमाण की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्नित करें)।

2.5 आवेदक को "स्व घोषणा प्रमाण पत्र" संलग्न करना होगा, जिसमे आवदेक के द्वारा घोषित किया जायेगा कि :–

(1) मैं या मेरे परिवार का कोई भी सदस्य सुधा होल–डे मिल्क पार्लर का आवंटी हूँ/हैं या नहीं।

(2) (अ) मैं या मेरे परिवार को कोई सगा सदस्य (माता, पिता, पत्नी, पुत्र, पुत्री) बिहार स्टेट मिल्क को–ऑपरेटिव फेडरेशन लि०, पटना या कॉम्फेड से सम्बद्ध दुग्ध संघ/इकाई मे कार्यरत हूँ/हैं अथवा नहीं।

(ब) यदि 2 (अ) का उत्तर हाँ है, तो निम्न ब्यौरा सहित स्वघोषणा पत्र समर्पित करें।

मैं (आवदेक का नाम)........................................................................... स्वघोषित करता हूँ कि श्री/सुश्री/श्रीमति (कार्यरत कर्मी का नाम)........................................................................................ ................(सघं /इकाई का नाम)........................................................................ पदनाम.................................. ....... के पद पर (पदस्थापन का स्थान)............................................. मे कार्यरत है, एवं मेरे (आवेदक के साथ सम्बन्ध)...................... है।

(उदाहरणार्थः– मैं प्रवीण कुमार सिंह, स्वघोषित करता हूँ कि श्री/सुश्री/श्रीमति रणवीर कुमार सिंह जो तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि०, मुजफ्फरपुर के डेयरी वर्कर के पद पर सिवान मे कार्यरत है, मेरे पिता है।)

ऐसे आवेदक, (1) जिन्हें स्वयं या उनके परिवार में किसी सदस्य को पूर्व से होल–डे मिल्क पार्लर आवंटित है, उन्हें अथवा उनके परिवार के सदस्य को एवं (2) कॉम्फेड या कॉम्फेड के सम्बद्ध दुग्ध संघ/इकाई में कार्यरत वर्तमान कर्मी को इस योजना के अन्तर्गत होल–डे मिल्क पार्लर का आवंटन नही किया जायेगा।

(स्वघोषणा पत्र का प्रारूप आवेदन के साथ संलग्न है।)

लगातार...........

2.6 रजिस्ट्रेशन शुल्क एवं अग्रधन राशिः– आवेदक द्वारा पंजीकरण शुल्क (गैर वापसी योग्य) 1000.00 (एक हजार) एवं अग्रधन की राशि 10,000.00 (दस हजार) निर्धारित है। आवेदक द्वारा पंजीकरण शुल्क एवं अग्रधन राशि के रूप में आवेदन(खण्ड–I) के साथ अलग–अलग डिमाण्ड ड्राफ्ट सलंग्न करना अनिवार्य है। आवेदन(खण्ड–I) के साथ पंजीकरण शुल्क एवं अग्रधन की राशि संलग्न नहीं करने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

2.7 आवेदनकर्त्ता निर्धारित पंजीकरण शुल्क राशि एवं अग्रधन राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0(MITHILA DUGDH UTPADAK SAHKARI SANGH LTD) के नाम पर निर्गत एवं समस्तीपुर मे भुगतेय हो संलग्नित करेगें।

2.8 वित्तीय याग्यताः– (व्यवसाय हेतु आवेदक के पास न्यूनतम राशि 100000.00/–(एक लाख) होनी चहिए जो आवेदक के पास जमा हो। यथा– फिक्सड डिपोजिट, आवेदन भरने की अंतिम तिथि तक आवेदक के स्वयं के खाते में 1,00000.00/–(एक लाख) की राशि जमा रहने का प्रमाण (बैंक पासबुक) की प्रथम पृष्ठ की छाया प्रति जिसमें आवेदक का नाम, पता, खाता संख्या दर्ज हो ताकि सम्बन्धित पृष्ठ जिसमें राशि जमा रहने का प्रमाण अंकित हो) या सम्बन्धित बैंक द्वारा आवेदक के नाम से निर्गत बैंकर्स सर्टिफिकेट के रूप मे दर्शित हो, की छाया प्रति संलग्नित करें।)

2.9 आवेदक को स्वस्थ होना आवश्यक है। संघ द्वारा मांग किये जाने पर आवेदक को किसी पंजीकृत चिकित्सक द्वारा निर्गत चिकित्सा प्रमाण पत्र की मलू प्रति प्रदान करना होगा।

2.10 असफल निविदादाता को अग्रधन की राशि 10,000/–(दस हजार) वापस कर दी जायेगी। जिस पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

2.11 सफल उम्मीदवार को आवंटन आदेश जारी होने के उपरान्त कार्य प्रारम्भ करने से पहले सुरक्षा राशि 1,00,000/–(एक लाख) (वापसी योग्य) डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में जमा करना होगा। अंतिम रूप से चयनित आवेदक (आवंटी) द्वारा आवेदन के साथ संलग्न की गयी अग्रधन की राशि 10,000/–(दस हजार) जो सुरक्षा राशि को समायोजित कर ली जायेगी एवं शेष बचे 90,000/–(नब्बे हजार रूपये) आवंटी को जमा करना होगा। सुरक्षा राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नही होगा।

2.12 चयन के उपरान्त सफल उम्मीदवार को एक माह के भीतर जी0 एस0 टी0 एवं FSSAI प्रमाण पत्र की छाया प्रति उपलब्ध कराना होगा।

2.13 पात्रता मापदण्ड के तहत् बिन्दु सं०–2.1 से 2.9 तक अनिवार्य सभी पात्रता मापदण्ड शर्तो को पूरा करना होगा। मापदण्ड शर्तो का पूरा नहीं करने पर आवेदक को असफल घोषित करते हुए उनका आवंटन रद्द कर दिया जायेगा तथा सुधा होल–डे मिल्क पार्लर के आवंटन की प्रक्रिया के लिए विचार नहीं किया जायेगा।

2.14 तकनीकी निविदा में अयोग्य पाये गये निविदादाता का वित्तीय निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा एवं उनका वित्तीय निविदा नहीं खोला जायेगा।

लगातार.........

## 3.0 सुधा होल–डे मिल्क पार्लर–संचालन हेतु
## Standard Operating Procedure (S.O.P)

3.1. बिक्री हेतु सुधा होल–डे मिल्क पार्लर के संचालन का समय–सुबह 6.00 बजे से रात्रि 9.00 तक निर्धारित रहेगा।

3.2. सुधा होल–डे मिल्क पार्लर संचालन को विपणन पथ प्रभारी द्वारा निर्धारित किये गये समय के अनुसार दूध/दुग्ध उत्पादक प्राप्त करना होगा।

3.3. प्रत्येक सुधा होल–डे मिल्क पार्लर संघ के प्रशासनिक नियत्रंण मे होगा, जिसका प्रबन्धन संघ से सम्बन्धित विपणन क्षेत्रों के अन्तर्गत किया जायेगा। सुधा होल–डे मिल्क पार्लर को उपलब्ध कराये गये सारे सम्पतियों का अधिकार मिथिला दुग्घ उत्पादक सहकारी संघ लि0, समस्तीपुर का होगा।

3.4. सुधा होल–डे मिल्क पार्लर का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने एवं सुधा ब्राण्ड की पहुँच बढ़ाने हेतु प्रत्येक सुधा होल–डे मिल्क पार्लर का बिक्री का लक्ष्य बाजार क्षमता को ध्यान रखते हुए सघं द्वारा निर्धारित किया जायेगा।

3.5. आवंटी/संचालक को सुधा दूध एवं दुग्ध उत्पादों की अधिकतम रेंज रखनी होगी। किसी अन्य उत्पाद या ब्राण्ड के उत्पादों को तब तक नही रखा जा सकता जब तक कि उसे विशेष रूप से लिखित अनुमति नही की जाती है।

3.6. आवंटी/संचालक सुधा होल–डे मिल्क पार्लर के अन्तर्गत आनेवाले क्षेत्र के लिए संघ द्वारा सम्बन्धित क्षेत्र हेतु नियुक्त वितरक के माध्यम से दूध और दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराये जायेगे। आपके द्वारा किसी अन्य वितरक से सुधा उत्पादों को क्रय नहीं किया जायेगा।

3.7. आवंटी/संचालक द्वारा दूध और दुग्ध उत्पादों का भुगतान सम्बन्धित वितरक को अग्रिम के रूप मे किया जायेगा।

3.8. आवंटी/संचालक को संघ द्वारा प्रदान की गयी निर्धारित दर अथवा अधिकतम खूदरा मूल्य (एम0आर0.पी0.) पर दूध और दुग्ध उत्पादों की बिक्री करना होगा तथा सुधा होल–डे मिल्क पार्लर के सामने एम0.आर0.पी0. की दर तालिका प्रदर्शित करनी होगी।

3.9. चयनित आवंटी/संचालक को सुधा होल–डे मिल्क पार्लर परिसर के आस–पास सफाई एवं कचरा पेटी की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी।

3.10. इलेक्ट्रोनिक एवं अन्य उपकरणों की समय–समय पर सर्विसिंग/रख–रखाव आवंटी/संचालक द्वारा किया जायेगा तथा इससे सम्बन्धित किसी भी प्रकार का खर्च आवंटी/संचालक को वहन करना होगा।

3.11. चयनित आवंटी/संचालक द्वारा सुधा होल–डे मिल्क पार्लर परिसर के समीप अस्थायी का निर्माण कर किसी अन्य व्यवसाय की अनुमति नही है।

3.12. विशेष अवसर हेतु आवंटी/संचालक को अपने सम्बन्धित वितरकों को अधिक मांग के लिए अग्रिम रूप से सूचित करना होगा।

लगातार............

3.13. सुधा होल–डे मिल्क पार्लर किसी भी दिन बन्द नही होनी चाहिए। यद्यपि परिस्थितियाँ असामान्य होने पर आवंटी/संचालक द्वारा सम्बन्धित प्राधिकारी को पूर्व में सूचना प्रदान की जायेगी।
3.14. दूध और दुग्ध उत्पादों की डिलीवरी लेते समय आवंटी/संचालक द्वारा प्राप्त वस्तुओं की गुणवत्ता और मात्रा की जाँच अवश्य करनी होगी। बाद मे किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।
3.15. चयनित आवंटी/संचालक ग्राहकों को दूध एवं दुग्धजन्य उत्पाद पहुँचाने के लिए होम डिलेवरी व्यक्ति व पुश कार्ट व्यक्तियों को नियुक्त कर सकते है, जिनका चिकित्सा प्रमाण–पत्र (मेडिकल सर्टिफिकेट) निर्गत हो। डिलेवरी करने वाले व्यक्ति का वेतन आवंटी/संचालक को ही प्रदान करना होगा।
3.16. आवंटी/संचालक सुधा होल–डे मिल्क पार्लर के बेहतर संचालन हेतु अधिकतम दो सेल्श मैन को नियुक्त कर सकते हैं, जिनका चिकित्सा प्रमाण–पत्र (मेडिकल सर्टिफिकेट) निर्गत हो। डिलेवरी करने वाले व्यक्ति का वेतन आवंटी/संचालक को ही प्रदान करना होगा।
3.17. आवंटी/संचालक को उन वस्तुओं के लिए कोल्ड चेन सुनिश्चित करना होगा। जिन्हें कम और विशिष्ट तापमान की आवश्यकता होती है। आवंटी/संचालक को सभी उत्पादों को अधिकतम बिक्री करने का प्रयास करना होगा।
3.18. सम्बन्धित क्षेत्र वितरक के द्वारा यदि आवंटी/संचालक को किसी भी प्रकार की विसंगतिपूर्ण, त्रुटियाँ दर पर सुधा दूध एवं दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराये जाते है या सम्बन्धित क्षेत्र के वितरक के सम्बन्ध मे कोई शिकायत हो तो ऐसे मामलों को आवंटी/संचालक द्वारा संघ के सम्बन्धित सक्षम पदाधिकारी के समक्ष उठाया जायेगा।

## 4.0. रखरखाब एवं अन्य शुल्कों का भुगतान

4.1. आवंटी/संचालक को Letter of Award (LOA) के निर्गत की तिथि से एक माह के अन्दर

FSSAI Licence प्राप्त कर उसकी स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति रिकार्ड हेतु सम्बन्धित संघ/इकाई को इसकी छाया प्रति जमा करना होगा।
4.2. आवंटी/संचालक को निविदा के आलोक में देय आवंटित मासिक किराया/दर तथा देय वैधानिक कर, प्रत्येक माह के पाँच तारीख के पूर्व संघ के कार्यालय में जमा करना होगा। निर्धारित मासिक आवंटित दर में प्रत्येक तीन वर्ष के उपरान्त 15 प्रतिशत वृद्धि की जायेगी। इसके अतिरिक्त अन्य किराया यदि भूमि के लिए लागू हो उसे आवटी/संचालक को वहन करना होगा।
4.3. आवंटी/संचालक को बिजली बील मासिक रख–रखाव किराया/दर पानी शुल्क तथा अन्य वैद्यानिक खर्च प्रत्येक माह के पाँच तारीख के पूर्व संघ में जमा करना होगा एवं बील की छाया प्रति संघ को रिकार्ड हेतु प्रस्तुत करना होगा। बिजली व पानी का आवश्यक कनेक्शन आवंटी को स्वयं के नाम पर लेना आवश्यक होगा।

लगातार................

4.4. आवंटी/संचालक को सुधा होल–डे मिल्क पार्लर के अन्दर उपलब्ध सम्पति के साथ सुधा होल–डे मिल्क पार्लर भवन का बीमा कराना चाहिए तथा बीमा कम्पनी द्वारा निर्धारित प्रीमियम समय पर जमा करना होगा। बीमा रसीद का प्रमाण संघ की इकाई को रिकार्ड हेतु प्रस्तुत करना होगा।

4.5. सुधा होल–डे मिल्क पार्लर आवंटी/संचालक द्वारा अधिकतम डिजिटल भुगतान के माध्यम से उत्पादों की खरीद/बिक्री की जानी चाहिए।

## 5.0. सुधा होल–डे मिल्क पार्लर का समापन

5.1. आवंटित सुधा होल–डे मिल्क पार्लर के संचालक का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। कार्यकाल प्रारम्भ होने की गणना एकरारनामा के तिथि से की जायेगी। प्रदर्शन के आधार पर आवंटन कार्यकाल प्रत्येक तीन वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है। यदि निर्धारित अवधि के अन्दर आवंटी का कार्यकलाप/प्रदर्शन संतोषजनक नही पाया जाता है तो एकरारनामा निरस्त कर दिया जायेगा एवं सुधा होल–डे मिल्क पार्लर किसी अन्य पक्ष को आवंटित कर दिया जायेगा।

5.2. यदि चयनित आवंटी/संचालक के द्वारा संतोषजनक कार्य नही किया जाता है या जुर्माना अथवा चेतावनी पत्र देने के बाद भी यदि कार्य मे सुधार नहीं पाया जाता है तो निम्नलिखित कारणो से सुरक्षित राशि को जब्त करते हुए अनुबन्ध/एकरारनामा समाप्त किया जा सकता है।

(क) आवंटी/संचालक का बिक्री प्रदर्शन अच्छा नही रहने पर।

(ख) यदि आवटी/संचालक द्वारा कॉम्फेड से सूचीबद्ध उत्पादों के अतिरिक्त अन्य उत्पादों की बिक्री करते हुए पाया जाता है।

(ग) यदि आवंटी/संचालक द्वारा ग्राहकों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए पाया जाता है।

(घ) यदि आवंटी/संचालक द्वारा सुधा होल–डे मिल्क पार्लर को उप–पट्टे पर देते हुए पाया जाता है।

(ड़) यदि आवंटी/संचालक द्वारा सुधा उत्पादों को निर्धारित दर (एम0.आर0.पी0.) से अधिक दर पर बिक्री करते हुए पाया जाता है।

(च) यदि सम्बन्धित सघं/इकाई/कॉम्फेड द्वारा आवंटित सुधा मिल्क सुधा होल–डे मिल्क पार्लर आवंटी/संचालक द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के बन्द पाया जाता है।

5.3. संघ एवं संचालक के साथ हुए समझौते को नोटिस अवधि दिये बिना तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है यदि संघ को ज्ञात होता है कि आवंटी संचालक द्वारा संघ, सुधा ब्राण्ड या ग्राहकों के हित के विरूद्ध कोई कार्य किया जा रहा है, जिससे संघ या सुधा ब्राण्ड की छवि खराब हो रही है।

लगातार........

5.4. आवंटी/संचालक द्वारा सुधा होल–डे मिल्क पार्लर को सरेंडर करने की स्थिति में आवंटी/संचालक को संघ को तीन महीने की नोटिस अवधि देनी होगी।

5.5. पुनः आवंटन खुली निविदा के माध्यम से आवेदकों के चयन की पूर्व की प्रक्रिया के तहत् की जायेगी।

5.6. अनुबन्ध की समाप्ति के बाद, यदि सुधा होल–डे मिल्क पार्लर को संचालक/आवंटी द्वारा निर्धारित तिथि तक नही सौंपा जाता है, तब ऐसी स्थिति में निर्धारित तिथि के बाद दिनों की सख्या को अनाधिकृत कब्जा माना जायेगा। जिसमे प्रतिदिन 100 रू0 दण्डात्मक रूप में निर्धारित राशि का भुगतान करने हेतु आवंटी/संचालक उतरदायी होगा। दण्डात्मक किराये की गणना सुधा होल–डे मिल्क पार्लर के अनाधिकृत कब्जे के दिनों की संख्या के आधार पर की जायेगी।

5.7. आवंटन समाप्ति की स्थिति में सभी मशीनरी, उपकरण, ब्राण्डिंग सामग्री और फिटिंग आदि के साथ सुधा होल–डे मिल्क पार्लर को दो प्रतियों मे हैंड ओभर और टेक आवेर के माध्यम से सम्बन्धित संघ या चयनित नये आवंटी/संचालक को सौंप दिया जायेगा, जिसपर सघं के प्रतिनिधि एवं आवंटी या उसके द्वारा अधिकृत/कर्मचारी द्वारा हस्ताक्षर किये जायेगे।

5.8. आवंटन समाप्ति की स्थिति मे पुराने आवंटी/संचालक के परिवर्तन के समय पुराने आवंटी/संचालक के द्वारा ही सभी बकाया राशि का निपटारा एवं सुधा होल–डे मिल्क पार्लर में स्थित सभी स्टॉक का निष्पादन करना अनिवार्य होगा। संघ द्वारा सुधा होल–डे मिल्क पार्लर मे लगाये दिये सभी सम्पतियो का निरीक्षण संघ के अधिकृत सम्बन्धित अधिकारी द्वारा किया जायेगा। किसी भी प्रकार की त्रुटि व कमी पाये जाने पर पुराने आवंटी/संचालक से उसकी क्षतिपूर्ति जमा की गयी सुरक्षा राशि से कटौती की जायेगी।

## 06. अप्रत्याशित घटना (Force Majeure)

(क) अप्रत्याशित घटना (Force Majeure) के उत्पन्न होने की स्थिति मे आपके द्वारा संघ को वस्तु स्थिति की लिखित जानकारी देनी होगी। ऐसा नहीं करने पर संघ द्वारा सुधा होल–डे मिल्क पार्लर संचालन हेतु दिये गये कार्यादेश/सम्पादित किये गये एकरारनामा के आलोक मे सुधा होल–डे मिल्क पार्लर के सुचारू संचालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये जा सकते है।

(ख) इस धारा/उपबन्ध/खण्ड "अप्रत्याशित घटना (Force Majeure) को शामिल करने का उद्देश्य घटनाओं, परिस्थितियों मे सुधा होल–डे मिल्क पार्लर के सुचारू संचालन से है, जो आवंटी/संचालक या संघ के नियंत्रण से बाहर है एवं उसमे आवंटी/संचालक या संघ की लापरवाही या भूमिका शामिल नही है। हड़ताल, दूर्घटना, आगजनी, बाढ़, आंधी–तूफान, भूकम्प, महामारी अथवा शासन आदेश या घोषणा के अनुपालनार्थ या वैसी परिस्थिति जो सम्बन्धित सभी पक्षों के नियंत्रण मे न हों, को शामिल करना है।

07. किसी भी विवाद की स्थिति मे सम्बन्धित सभी पक्षों द्वारा आपस में बातचीत के माध्यम से विवाद को सुलझाया जायेगा। बातचीत के समाधान नही होने की स्थिति मे विवाद का निपटारा मध्यस्थता एवं सुलह अधिनियम–1996 (Arbitration & Conciliation Act-1996) मे निहित प्रावधानों के अनुरूप होगा। कानूनी मामलों की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र समस्तीपुर होगा।

MITHILA DUGDH UTPADAK SAHKARI SANGH LTD.
मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0
COMFED
AN ISO 9001 : 2000

खण्ड–I

(तकनीकी निविदा)

सुधा मिल्क पार्लर के आवंटन हेतु निविदा प्रपत्र

(आवेदक द्वारा ऑफलाईन माध्यम से पूर्ण विवरणी के साथ भरा जाना चाहिए)

(हाल के पास पोर्ट आकार का रंगीन फोटो चिपकाएँ)

1- जिला का नाम : ..........................................................................................

2- आवेदित स्थल का नाम :..........................................................................................
(कृपया उस आवेदित स्थल का नाम लिखें जिस स्थान के होल–डे मिल्क पार्लर के आवंटन हेतु आवेदन दिया जा रहा है )

3- आवेदक का नाम (बड़े अक्षरों में) :..........................................................................................

4- आवेदक का पता

(क) वर्तमान पता:..........................................................................................

..........................................................................................

:..........................................................................................

(ख) स्थायी पता:..........................................................................................

.......................................................................................... ..........................................

..........................................................................................

(कृपया क्रम संख्या 4 (क) एवं (ख) में उल्लेखित पते से सम्बन्धित दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)

5. मोबाईल नम्बर :...................................................... ई–मेल:..........................................................

6. आवेदक का आधार कार्ड संख्या :..........................................................................................
(कृपया आधार कार्ड का स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति सलंग्न करें)

7. पैन कार्ड नम्बर..........................................................................................
(कृपया पैन कार्ड का स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)

8. स्थायी निवास प्रमाण पत्रः ..........................................................................................
(आवेदक का बिहार राज्य का स्थायी निवासी होना आवश्यक है। आवेदक सरकार द्वारा निर्गत कोई भी प्रमाण पत्र जिसमे आवेदक का बिहार राज्य का स्थायी निवासी होने का प्रमाण हो, की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)

लगातार........

Samastipur Dairy, Industrial Area, P.O. Harpur Alowth, Distt- Samastipur–848101, Phone-06274-222172, Fax. 223680
समस्तीपुर डेयरी, औद्योगिक क्षेत्र, पो0– हरपुर एलौथ, जिला– समस्तीपुर–848101, फोन– 06274–222172,
ई–मेल / e-mail: Mithila.idis@gmail.com • Regd 21 Hqr. Date 14-09-87, रजि0– 21 Hqr. 14-09-87

09- शैक्षणिक योग्यतय (साक्षर) ---------------------------------------------

(कृपया प्रमाण पत्र का स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)

10- उम्र (निविदा जमा करने की अंतिम तिथि तक उम्र न्यूनतम–21 वर्ष)

(कृपया जन्म प्रमाण पत्र, कोई अन्य दस्तावेज या दसवीं पास का स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें, जिसमें जन्म तिथि उल्लेखित हो)

11- स्व घोषणा प्रमाण–पत्र ---------------------------------------------

(आवदेक द्वारा संलग्नित स्वघोषित प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा)

12. क्या आवेदक स्वस्थ है ? हाँ / नहीं (कृपया उपयुक्त में सही का निशान लगावे)

(संबंधित संघ / इकाई / कॉम्फेड द्वारा मांग किये जाने पर आवेदक द्वारा किसी पंजीकृत चिकित्सक के द्वारा निर्गत चिकित्सा प्रमाण पत्र मूल प्रति में संलग्नित करना होगा)

13. निविदा में आमंत्रण हेतु निबंधन शुल्क एवं अग्रधन राशिः–

(आवेदनकर्त्ता निर्धारित रजिस्ट्रेशन शुल्क रू0 1000.00(एक हजार) एवं अग्रधन की राशि रू0 10000.00(दस हजार) का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो अलग–अलग हो एवं सम्बन्धित संघ / इकाई के नाम या उनके द्वारा बताये गये नाम पर निर्गत एवं भुगतेय हो संलग्नित करे।)

14. व्यवसाय हेतु कार्यशील पूँजी की उपलब्धताः ---------------------------------------------

(व्यवसाय हेतु न्यूनतम कार्यशील पूँजी रू0 100000.00(एक लाख) होनी चाहिए जो आवेदक के पास जमा हो, यथा–फिक्सड डिपोजिट या सम्बन्धित बैंक द्वारा आवेदक के नाम से निर्गत बैंकर्स सर्टिफिकेट के रूप में दर्शित हो, की छाया प्रति संलग्नित करे। )

नोटः–

- सुधा मिल्क पार्लर हेतु आवेदन करने से पहले निविदादाता / आवेदक निविदा दस्तावेज को ध्यानपूर्वक पढ़ समझ लें।
- क्रम सख्या 1 से 14 तक अनिवार्य सभी शर्तो को पूरा करना होगा। अगले दौर की चयन प्रक्रिया हेतु पात्रता पर विचार करने के लिए आवेदक आवश्यक जानकारी ठीक से भरें तथा उल्लेखित आवश्यक दस्तावेजों की निविदा प्रपत्र के साथ जमा करेंगे।
- सफल उम्मीदावारों को कार्य के आवंटन से पहले FSSAI Licence प्राप्त कर कार्यालय में जमा करना होगा।
- तकनीकी निविदा में अयोग्य पाये गये निविदादाता का वित्तीय निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा एवं वित्तीय निविदा नही खोला जायेगा।

लगातार........

MITHILA DUGDH UTPADAK SAHKARI SANGH LTD.
मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0
COMFED
AN ISO 9001 : 2000

# स्वप्रमाणित घोषणा–पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि निविदा प्रपत्र एवं संलग्नित दस्तावजे मे दी गयी जानकारी मेरे व्यक्तिगत जानकारी एवं विश्वास में पूर्णतया सत्य है तथा इसमें कुछ भी छिपाया नही गया है। मैं इस तथ्य से अच्छी तरह परिचित हूँ कि यदि मेरे द्वारा दी गयी जानकारी किसी भी समय मिथ्या/गलत पाया जाता है तो मेरे द्वारा दिये गये निविदा आवेदन को रद्द माना जायेगा। मेरे द्वारा दी गयी सभी सूचनाओं एवं दस्तावेजों को मूल के साथ सत्यापित किया जा सकता है तथा इसके लिए मैं उत्तरदायी होउँगा/होउँगी।

.........................................................

निविदादाता का हस्ताक्षर

दिनांकः––––––––––

स्थानः––––––––––––––

Samastipur Dairy, Industrial Area, P.O. Harpur Alowth, Distt- Samastipur–848101, Phone-06274-222172, Fax. 223680
समस्तीपुर डेयरी, औद्योगिक क्षेत्र, पो0– हरपुर एलौथ, जिला– समस्तीपुर–848101, फोन– 06274–222172,
ई–मेल/e-mail: Mithila.idis@gmail.com • Regd 21 Hqr. Date 14-09-87, रजि0– 21 Hqr. 14-09-87

MITHILA DUGDH UTPADAK SAHKARI SANGH LTD.
मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0

COMFED

AN ISO 9001 : 2000

# स्व घोषणा प्रमाण पत्र

1- मैं ये मेरे परिवार को कोई भी सदस्य सुधा होल–डे मिल्क पार्लर का आवंटी हूँ/है अथवा नहीं।

हाँ/नहीं

(कृपया उपर्युक्त में सही का निशान लगायें)

2- मैं या मेरे परिवार को कोई सगा सदस्य (माता, पिता, पत्नी, पुत्र, पुत्री) बिहार स्टेट मिल्क को–ऑपरेटिव फेडरेशन लि०, पटना या कॉम्फडे से सम्बद्ध दुग्ध संघ/इकाई में कार्यरत हूँ/हैं अथवा नहीं।

हाँ/नहीं

(कृपया उपर्युक्त में सही का निशान लगायें)

यदि 2 का उत्तर हाँ है, तो निम्न ब्यौरा भरें।

मैं (आवदेक का नाम)..........................................................................................स्वघोषित

करता हूँ कि श्री/सुश्री/श्रीमती (कार्यरत कर्मी का नाम).................................................

..........................................................................................(संघ /इकाई का नाम)

.......................................................................................... के (पदनाम)........................

.................................................. के पद पर (पदस्थापन का स्थान)...................................

.......................................... में कार्यरत है, एवं मेरे (आवदेक के साथ सम्बन्ध)..........................

.................................................. है।

..................................................

निविदादाता का हस्ताक्षर

दिनांकः ..........................................

स्थानः ..........................................

Samastipur Dairy, Industrial Area, P.O. Harpur Alowth, Distt- Samastipur–848101, Phone-06274-222172, Fax. 223680
समस्तीपुर डेयरी, औद्योगिक क्षेत्र, पो0– हरपुर एलौथ, जिला– समस्तीपुर–848101, फोन– 06274–222172,
ई–मेल/e-mail: Mithila.idis@gmail.com • Regd 21 Hqr. Date 14-09-87, रजि0– 21 Hqr. 14-09-87

# खंड–II

(वित्तीय निविदा)

सुधा मिल्क पार्लर के आवंटन हेतु निविदा प्रपत्र

(आवेदक द्वारा ऑफलाईन माध्यम से पूर्ण विवरणी के साथ भरा जाना चाहिए)

1- जिला का नाम : ..........................................................................................................

2- आवेदित स्थल का नाम :..................................................................................................

(कृपया उस आवेदित स्थल का नाम लिखें जिस स्थान के होल–डे मिल्क पार्लर के आवंटन हेतु आवेदन दिया जा रहा है)

3- आवेदक का नाम (बड़े अक्षरों में) :.......................................................................................

4- सुधा होल–डे मिल्क पार्लर आवंटन हेतु समर्पित किये जाने वाले दर (रूपये प्रतिमाह)

अंकों मे ...................................................................................................

शब्दों में ...................................................................................................

.................................................

निविदादाता का हस्ताक्षर

दिनांक: ..........................................

स्थान: ..............................................